**दिनांक: 03 दिसम्बर-2021**

# राजनीतिक दलों द्वारा 2021 के असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पोंडीचेरी के विधान सभा चुनावों के दौरान एकत्रित धन और व्यय का विश्लेषण

यह रिपोर्ट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म

द्वारा प्रकाशित है

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स,
टी- 95, सी.एल. हाउस, II फ्लोर, गौतम नगर,
नियर गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स,
नई दिल्ली – 110049
दूरभाष - 011 4165 4200

# सारांश

## प्रस्तावना

- राजनीतिक दलों को अपने चुनाव खर्च का विवरण विधान सभा चुनाव की अंतिम तिथि से **75 दिन** के अंतर्गत चुनाव आयोग में जमा करना होता है | तदनुसार, दलों के लिए चुनाव खर्च विवरण जमा करने की अंतिम तिथि **18 जुलाई, 2021** थी |
- व्यय विवरण में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को प्राप्त कुल राशि (नकद, चेक और डी डी में ) और दलों का खर्च विवरण (नकद, चेक, शेष बकाया राशि) होता है |
- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय (**Central Headquarters)** और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं :
    - प्रचार
    - यात्रा खर्च
    - अन्य खर्च
    - उम्मीदवारों पर व्यय
    - दलों द्वारा उम्मीदवारों के अपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित करने पर किया गया व्यय
- राजनीतिक दल चुनाव घोषणा तिथि तथा चुनाव समाप्ति तिथि के बीच प्राप्त धन की सूचना इस ब्यौरे में देते हैं | **यह अवधि चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर तीन सप्ताहों से तीन महीनों के बीच हो सकती है** |
- यह विश्लेषण 2021 के पांच विधान सभा चुनावों के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त धन राशि और उनके चुनावी खर्च का अध्ययन है : **असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल** और **पोंडीचेरी** विधान सभा चुनाव |
- इस रिपोर्ट में 8 राष्ट्रीय दलों और 22 क्षेत्रीय दलों पर विचार किया गया है | हालाँकि, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर केवल 19 राजनीतिक दलों का ही व्यय विवरण उपलब्ध है |
- अभी तक एक राष्ट्रीय और 10 क्षेत्रीय दलों (**एनपीईपी, एलजेपी, आरजेडी, डीएमडीके, आईयूएमएल, शिवसेना, आरएसपी, एजेएसयू, जेडीयू, आरएलएसपी और बीपीएफ**) का चुनावी खर्च विवरण सार्वजनिक तौर पर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |

| Election Expenditure Statement - Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | Submission and Date | Central Headquarters | State Units | | | | | No. of days by which submission delayed | No. of Elections contested |
| | | | Assam-State Unit | Kerala-State Unit | Tamil Nadu-State Unit | West Bengal-State Unit | Puducherry-State Unit | | |
| BSP | 31 July, 2021 | Submitted | Did not contest | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 0 | 4 |
| DMK | 28 June 2021 | Submitted | Did not contest | Did not contest | Submitted | Did not contest | Submitted | 0 | 2 |
| AIMIM | 30 June 2021 | Submitted | Did not contest | Did not contest | Submitted | Submitted | Did not contest | 0 | 2 |
| CPI(ML)(L) | 30 June 2021 | Submitted | Submitted | Did not contest | Submitted | Submitted | Submitted | 0 | 4 |
| AIFB | 8 July 2021 | Submitted | Submitted | Did not contest | Did not contest | Submitted | Did not contest | 0 | 2 |
| AGP | 23 July 2021 | Submitted | Submitted | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Did not contest | 4 Days | 1 |
| AIADMK | 27 July 2021 | Submitted | Did not contest | *Submitted | Submitted | Did not contest | *Submitted | 8 Days | 3 |

myneta.info National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

| Election Expenditure Statement - Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Submission and Date** | **Central Headquarters** | **State Units** | | | | | **No. of days by which submission delayed** | **No. of Elections contested** |
| | | | **Assam-State Unit** | **Kerala-State Unit** | **Tamil Nadu-State Unit** | **West Bengal-State Unit** | **Puducherry-State Unit** | | |
| NCP | 10-August-2021 | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Did not contest | Did not contest | 22 Days | 3 |
| AITC | 10-August-2021 | Submitted | Unavailable on website of ECI | Did not contest | Unavailable on website of ECI | Submitted | Did not contest | 22 Days | 3 |
| CPI | 23-August-2021 | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 35 Days | 5 |
| AIUDF | 23 August 2021 | Submitted | Submitted | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Did not contest | 35 Days | 1 |
| PMK | 26 August 2021 | Submitted | Did not contest | Did not contest | Submitted | Did not contest | Did not contest | 38 Days | 1 |
| INC | 6 September, 2021 | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 49 Days | 5 |
| JDS | 10 September 2021 | Submitted | Did not contest | Submitted | Unavailable on website of ECI | Did not contest | Did not contest | 53 Days | 2 |
| CPM | 5-October-2021 | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 78 Days | 5 |
| BJP | **Assam & Puducherry- 12-10-2021, West Bengal & Tamil Nadu-21-10-2021 and Kerala- 25-10-2021** | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | **Assam & Puducherry- 85 Days, West Bengal & Tamil Nadu-94 Days and Kerala- 98 Days** | 5 |
| KC-M | 25 October 2021 | Submitted | Did not contest | Submitted | Did not contest | Did not contest | Did not contest | 98 Days | 1 |
| AINRC | 25 October 2021 | Submitted | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Submitted | 98 Days | 1 |
| SP | 18 November, 2021 | Submitted | Submitted | Did not contest | Submitted | Did not contest | Did not contest | 122 Days | 2 |
| NPEP | Unavailable on website of ECI | | | Did not contest | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | 138 Days | 3 |
| LJP | Unavailable on website of ECI | | | Did not contest | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | 138 Days | 3 |
| RJD | Unavailable on website of ECI | | | | | Did not contest | Did not contest | 138 Days | 3 |
| DMDK | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | Did not contest | Unavailable on website of ECI | Did not contest | Unavailable on website of ECI | 138 Days | 2 |
| IUML | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | Unavailable on website of ECI | | | Did not contest | 138 Days | 3 |
| Shivsena | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | Did not contest | 138 Days | 2 |
| RSP | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | Unavailable on website of ECI | Did not contest | Unavailable on website of ECI | Did not contest | 138 Days | 2 |
| AJSU | Unavailable on website of ECI | | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Unavailable on website of ECI | Did not contest | 138 Days | 1 |
| JDU | Unavailable on website of ECI | | | | Did not contest | Unavailable on | Unavailable on website of ECI | 138 Days | 4 |

| Election Expenditure Statement - Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | Submission and Date | Central Headquarters | State Units | | | | | No. of days by which submission delayed | No. of Elections contested |
| | | | Assam-State Unit | Kerala-State Unit | Tamil Nadu-State Unit | West Bengal-State Unit | Puducherry-State Unit | | |
| | | | | | | website of ECI | | | |
| RLSP | Unavailable on website of ECI | | | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Did not contest | 138 Days | 1 |
| BPF | Unavailable on website of ECI | | | Did not contest | Did not contest | Did not contest | Did not contest | 138 Days | 1 |


***Submitted**- combined data declared with Tamil Nadu election expenditure

## चुनाव खर्च विवरण में दी गयी जानकारी


### प्राप्त धन राशि और उनके चुनावी खर्च : राजनीतिक दल

- इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों **बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, एनसीपी, आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, सीपीएम, सीपीआई** और क्षेत्रीय दलों **डीएमके, एआईएमआईएम, सीपीआई(एमएल)(एल), एआईएफबी, एजीपी, एआईएडीएमके, एआईयूडीफ, पीएमके, जेडीएस, केसीएम, समाजवादी पार्टी** और **एआईएनआरसी** पर विचार किया गया है |
- पांच विधानसभा चुनाव, 2021 के दौरान **एआईएफबी, जेडीएस** और **केसीएम** ने केंद्रीय मुख्यालय और राज्य इकाइयों से कुछ भी चुनाव खर्च घोषित नहीं किया है |
- **असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल** और **पोंडीचेरी** विधान सभा चुनाव 2021 में, **19 राजनीतिक दलों** ने कुल **रु 1116.81 करोड़** एकत्रित किये और इन दलों का कुल व्यय **रु 514.30 करोड़** रहा |
- सभी राजनीतिक दलों ने कुल मिलाकर केंद्रीय मुख्यालय द्वारा **रु 875.33 करोड़** की आय जमा की और **रु 308.085 करोड़** का व्यय किया | **तमिलनाडु** राज्य ईकाई से दलों ने कुल **रु 75.016 करोड़**, **केरल** राज्य ईकाई से **रु 59.457 करोड़**, **पश्चिम बंगाल** राज्य ईकाई से **रु 44.94 करोड़, असम** राज्य ईकाई से **रु 23.648 करोड़** और **पोंडीचेरी** राज्य ईकाई से **रु 3.156 करोड़** का व्यय किया |
- विधानसभा चुनाव 2021 के दौरान राजनीतिक दलों में से **बीजेपी** ने **रु 611.692 करोड़** की धनराशि एकत्रित की, जिसमें से **87.03%** (रु 532.35 करोड़) की आय पार्टी के **केंद्रीय मुख्यालय** द्वारा एकत्रित किया गया है |
- **कांग्रेस** ने दूसरा सबसे अधिक **रु 193.77 करोड़** की आय प्राप्त की है और **डीएमके** ने तीसरा सबसे अधिक **रु 134 करोड़** (**चुनावी बांड से प्राप्त रु 106 करोड़** की राशि भी शामिल है) की धनराशि एकत्रित की है जो **100%** केंद्रीय मुख्यालय द्वारा ही एकत्रित किया गया है |

## Total funds collected and expenditure incurred by political parties (in Rs Cr)





## Funds collected by political parties during Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 (in Rs Cr)




## विभिन्न वर्गों के तहत राजनीतिक दलों का व्यय

- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं : प्रचार, यात्रा खर्च, अन्य खर्च, उम्मीदवारों पर व्यय और दलों द्वारा उम्मीदवारों के अपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित करने पर किया गया व्यय |
- **असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल** और **पोंडीचेरी** विधान सभा चुनावों 2021 के दौरान, राजनीतिक दलों_ने **प्रचार** पर **रु 282.08 करोड़, उम्मीदवारों** पर **रु 235.66 करोड़**, **यात्रा** पर **रु 119.57 करोड़, अन्य खर्च** पर **रु 64.336 करोड़** का व्यय और दलों द्वारा उम्मीदवारों के अपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित किये गए व्यय पर **रु 19.162 करोड़** का व्यय अपने चुनाव रिपोर्ट में घोषित किया है |
- व्यय के विभिन्न प्रमुखों के तहत **प्रचार** में सबसे अधिक **39.13%** और **अन्य खर्च** में **8.93%** का व्यय है |

**Expenditure incurred by political parties under various heads during Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 (in Rs Cr)**







## राजनीतिक दलों का प्रचार पर खर्च

- प्रचार खर्च के तहत **मीडिया विज्ञापन, प्रचार सामग्री** और **जन सभा** शामिल हैं |
- राजनीतिक दलों ने **असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल** और **पोंडीचेरी** विधान सभा चुनावों के दौरान **मीडिया विज्ञापन** पर **रु 201.05 करोड़** का सबसे अधिक खर्च दिखाया है | इसके बाद **प्रचार सामग्री** पर **रु 63.722 करोड़** और **सार्वजनिक बैठक** पर **रु 17.308 करोड़** खर्च दर्शाया है |
- **प्रचार** माध्यम से राजनीतिक दलों ने **केंद्रीय मुख्यालय** से सबसे अधिक **रु 117.014 करोड़** (41.483%) का व्यय किया है इसके बाद **तमिलनाडु** राज्य इकाइयों से **रु 70.116 करोड़** (24.857%), **केरल** राज्य इकाइयों से **रु 52.078 करोड़** (18.462%), **पश्चिम बंगाल** राज्य इकाइयों से **रु 31.518 करोड़** (11.173%) और **पोंडीचेरी** राज्य इकाइयों से **रु 2.27 करोड़ (0.805%)** का खर्च किया है |


| Total expenditure on Publicity | Expenses on Publicity during Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 (Rs in crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Central Headquarters | States Units | | | | | Total |
| | | Tamil Nadu- State Unit | Kerala-State Unit | West Bengal-State Unit | Assam-State Unit | Puducherry-State Unit | |
| **Media Advertisement** (Print & Electronic, Bulk sms, Cable, Website, TV channels, etc.) | 69.393 | 67.133 | 42.385 | 17.379 | 3.503 | 1.257 | **Rs 201.05 cr** |
| **Publicity Materials** (Poster, Banners, Badges, stickers, Arches, Gates, Cut outs, Hoardings, flags, etc.) | 42.034 | 1.639 | 6.834 | 9.19 | 3.64 | 0.385 | **Rs 63.722 cr** |
| **Public Meetings** | 5.587 | 1.344 | 2.859 | 4.949 | 1.941 | 0.628 | **Rs 17.308 cr** |
| **Total** | **Rs 117.014 cr** | **Rs 70.116 cr** | **Rs 52.078 cr** | **Rs 31.518 cr** | **Rs 9.084 cr** | **Rs 2.27 cr** | **Rs 282.08 cr** |




**राजनीतिक दलों का यात्राओं पर खर्च**

- यात्रा खर्च में **स्टार प्रचारक** और '**पार्टी लीडर्स**' के यात्रा खर्च शामिल हैं |
- राजनीतिक दलों ने अपने **यात्रा** पर किये कुल खर्च में से **94.96%** या **रु 113.549 करोड़** अपने **स्टार प्रचारकों** पर और केवल **5.04%** या **रु 6.021 करोड़** अपने पार्टी के **अन्य नेताओं** की यात्रा खर्च किया है |
- **यात्रा** में केंद्रीय मुख्यालय से राजनीतिक दलों ने **80.74%** (रु 96.54 करोड़) खर्च किया जो अन्य राज्य इकाइयों की यात्रा राशि से अधिक है | दलों ने **असम राज्य इकाइयों** से **रु 13.455 करोड़ (11.25%)** का खर्च दर्शाया है |

| Total expenditure on Travel | Expenses on Travel during Assam, Kerala, Tamil Nadu, West Bengal and Puducherry Assembly Elections, 2021 (Rs in crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Central Headquarters | States Units | | | | | Total |
| | | Assam-State Unit | Kerala-State Unit | West Bengal-State Unit | Tamil Nadu-State Unit | Puducherry-State Unit | |
| Travel expenses of **Star campaigners** | 96.068 | 11.853 | 4.568 | 0.24 | 0.82 | 0.0 | **Rs 113.549 cr** |
| Travel expenses of **Leaders** | 0.472 | 1.602 | 0.522 | 2.38 | 0.900 | 0.145 | **Rs 6.021 cr** |
| **Total** | **Rs 96.54 cr** | **Rs 13.455 cr** | **Rs 5.09 cr** | **Rs 2.62 cr** | **Rs 1.72 cr** | **Rs 0.145 cr** | **Rs 119.57 cr** |




## एडीआर का अवलोकन

- **एनपीईपी, एलजेपी, आरजेडी, डीएमडीके, आईयूएमएल, शिवसेना, आरएसपी, एजेएसयू, जेडीयू, आरएलएसपी** और **बीपीएफ** राजनीतिक दलों ने **असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल** और **पोंडीचेरी** विधान सभा चुनाव लड़ा पर दलों का चुनाव खर्च विवरण अभी तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |
- **त्रिणमूल कांग्रेस** ने **असम** और **तमिलनाडु** विधान सभा चुनाव लड़ा था लेकिन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर इस दल द्वारा जमा किये गए चुनाव खर्च विवरण में इन राज्यों का व्यय संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है |
- पांच विधानसभा चुनाव, 2021 के दौरान **एआईएफबी, जेडीएस** और **केसीएम** ने केंद्रीय मुख्यालय और राज्य इकाइयों से कुछ भी चुनाव खर्च घोषित नहीं किया है |
- यहाँ पर ध्यान दिया जाना चाहिए की विश्लेषण किये गए **19 राजनीतिक दलों** में से केवल **डीएमडीके** ने ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान चुनावी बांड के माध्यम से **रु 106 करोड़** का दान घोषित किया है |

## एडीआर की सिफारिशें

- सभी राजनीतिक दलों को अपने व्यय का विवरण चुनाव आयोग को निर्धारित समय सीमा के भीतर, दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत करना चाहिए | समय पर या निर्धारित प्रारूप में जो राजनीतिक दल अपने चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं करते है उनको सज़ा दी जानी चाहिए।
- उन सभी दानदाताओं की जानकारी और योगदान का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को दान राशि दी हो |
- सभी राजनीतिक दलों को वार्षिक दान रिपोर्ट कि तरह चुनाव अवधि के दौरान प्राप्त चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को जमा करना चाहिए जिससे वित्तीय पारदर्शिता और काले धन का असर कम हो |

- जिस तरह से उम्मीदवारों के खर्च की निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग के चुनाव समीक्षक होते है उसी तरह से राजनीतिक दलों के खर्च की निगरानी के लिए भी समीक्षक होना चाहिए।
- अधिक वित्तीय पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों को केवल चुनावी खर्च विवरण ही नहीं बल्कि दी गयी समय सीमा के अंतर्गत जमा करना चाहिए | निर्वाचन आयोग को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों अपने खर्च का पूरा और सही बयान दाखिल करने से ही सार्वजनिक जाँच हो पायेगी |

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल (चुनावी खर्च विवरण) सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनितिक दलों के पेज https://eci.gov.in/candidate-political-parties/expenditure-reports/expenditure-reports/लिया गया है |
रिपोर्ट बनाते समय डाटा की सत्यता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए चुनावी खर्च विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

## सम्पर्क

### स्टेट कोऑर्डिनेटर



| | | | |
|---|---|---|---|
| P. Joseph Victor Raj<br>**Tamil Nadu and Puducherry state coordinator**<br>+91-94860-86938<br>vrhope@gmail.com | Dr. Ujjaini Halim<br>**West Bengal state coordinator**<br>+91-98302-99326<br>ujjainihalim@hotmail.com | Mr. M. S. Venugopal<br>**Kerala Pradesh state coordinator**<br>+91-93494-94833<br>venutourism@gmail. com | Mr. Tasaduk Ariful Hussain<br>**Assam state coordinator**<br>+91 361 2338-888<br>+91-94350-54775<br>arif28may@gmail.com |



### नेशनल इलेक्शन वाच (NEW) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR)



| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br><br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj Gen Anil Verma (Retd)<br>Head - NEW & ADR<br><br>+91 8826479910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd)<br><br>Founder Member- NEW & ADR<br><br>+919999620944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br><br>Founder Member - NEW & ADR<br><br>+919448353285,<br>trilochans@iimb.ernet.in |